<u>**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**</u>

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

दिनांक: 21.09.2026

फा.सं.5-1/2026-हिं.अ.

<u>परिपत्र</u>

**विषय:** <u>**संस्थान में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता।**</u>

संस्थान में माननीय निदेशक महोदय की अनुमति से दिनांक 16.09.2026 से 30.09.2026 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत दिनांक **23.09.2026 को सेट फेसिलिटी, स्टूडियो-3 कन्वर्जेंस ब्लॉक में दोपहर 2.30 बजे काव्य पाठ प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। काव्य पाठ प्रतियोगिता की नियम एवं शर्तें निम्न प्रकार से हैं:

<u>**-: नियम एवं शर्ते :-**</u>

1. प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी काव्य रचना प्रस्तुति के लिए 4 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रारंभ के साढ़े तीन मिनट के बाद एक कम अवधि की घंटी बजेगी तथा उसके 30 सेकेंड के पश्चात एक लम्बी घंटी बजेगी। इस लंबी घंटी बजने के बाद प्रतिभागी को अपना काव्य पाठ समाप्त करना होगा।
2. काव्य पाठ में स्वयं की मौलिक रचना को अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।
3. काव्य पाठ प्रस्तुति हिंदी भाषा में होना आवश्यक है।
4. काव्य पाठ में किसी जाति, धर्म, संप्रदाय, राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति विशेष पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं होनी चाहिए।
5. काव्य पाठ देशभक्ति, राष्ट्रहित, सामाजिक मुद्दों पर आधारित होना चाहिए।
6. काव्य पाठ में द्विअर्थी अथवा मर्यादा-रहित भाषा शैली का प्रयोग नहीं होना चाहिए।
7. प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

(हस्ताक्षर)

**(पदम सिंह)**
**वित्त सलाहकार एवं**
**वरिष्ठ हिंदी अधिकारी**